हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री


13 जनमन सड़क पर किसान ने लगाई आपत्ति, रुका काम





14 कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ महासंग्राम रैली




## खबर संक्षेप

### भखारा में आज मड़ई

**भखारा।** नगरवासियों के सहयोग से आज 21 जनवरी बुधवार को भखारा में मड़ई का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी में बस्ती पंचायत के दिनेश साहू, जागेंद्र साहू, खोमन, ईश्वर साहू, यशवंत साहू, अनु निर्मलकर, अनिल, राधु, हेमू, शीतल, झमन, पवन जुटे हैं।

### गुदगुदा में आज मड़ई मेला

**सिर्री।** ग्राम गुदगुदा में ग्रामवासियों के सहयोग से 21 जनवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में जय हरदेलाल बाबा लोककला मंच घीना जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच प्रतिनिधि संजय साहू, ओंकार साहू, योगेश साहू, सनातन साहू, हेमंत साहू, हुलास साहू जुटे हैं।

### सोनेवारा में मड़ई 28 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा में ग्रामवासियों से सहयोग से 28 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भानपुरी का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में ग्राम विकास पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### डे-नाइट कबड्डी 25 को

**पुरी।** ग्राम पुरी में जय मां शीतला कबड्डी दल के तत्वावधान में राज्यस्तरीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 जनवरी को किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10,026 रु, द्वितीय 6,026 रु, तृतीय 4,026 रु तथा चतुर्थ पुरस्कार 2,026 रु एवं प्रवेश शुल्क 301 रुपए रखा गया है। आकर्षक इनाम भी रखे गए हैं। तैयारी में कबड्डी दल के सदस्यगण हेमंत साहू, हुमेश्वर नेताम, रामस्वरूप, शंकर निर्मलकर, कमलकांत जुटे हुए हैं।

**किसानों का आरोप :** जबरदस्ती कराया जा रहा रकबा सत्यापन

# सत्यापन के लिए घर-घर घूम रहे अधिकारी, जल्द ही मिलेगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दो दिन में छूटे हुए किसानों को टोकन जारी करना शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले किसानों के धान का सत्यापन किया जा रहा है। अधिकारी घर-घर घूमकर किसानों के पास धान की उपलब्धता का सत्यापन कर रहे हैं। जिन किसानों के पास धान उपलब्ध है, केवल उन्हीं किसानों को ही टोकन जारी किया जाएगा।

### साढ़े चार हजार हेक्टेयर का समर्पण

उधर जिन किसानों को टोकन जारी किया गया था, उनके पास धान की उपलब्धता का सत्यापन किया जा रहा है। जिन किसानों के पास धान उपलब्ध नहीं है, उनका टोकन निरस्त कर उनसे रकबा समर्पण कराया जा रहा है। अब तक 4 हजार 450 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किसानों से कराया जा चुका है। उधर बेतरतीब ढंग से सत्यापन से किसान और अधिकारी दोनों परेशान हैं। एक किसान के पास अधिकारी दो से तीन बार जा रहे हैं। कभी किसान घर पर मिलता है तो कभी नहीं।



### ऐसी भी परेशानी

किसान राकेश साहू, मूलचंद साहू सहित अन्य किसानों का आरोप है कि उनसे जबरदस्ती रकबा सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे धान लेकर खरीदी केंद्र गए थे। एक गाड़ी धान ले जाने के बाद दूसरी बार धान नहीं लाने दिया गया। उनके टोकन में जगह थी, घर में धान भी था। इसके बाद भी खरीदी केंद्र में धान की आवक लेने से मना कर दिया गया और बचे हुए धान का रकबा समर्पण जबरदस्ती कराया गया। अन्य किसानों की भी यही स्थिति है। खरीदी केंद्र में वे एक बार में जितना धान लेकर जा रहे हैं, केवल उतना ही धान खरीदा जा रहा है। बाद में घर से धान लाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

इस बार धान खरीदी किसानों के लिए मुसीबत से कम नहीं है। अंतिम चरण में टोकन एप ही बंद कर दिया गया। करीब 7 हजार किसान हैं जो टोकन नहीं कटवा पाए हैं। वे बेसब्री से टोकन मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इन किसानों को एसडीएम के पास टोकन के लिए आवेदन करना होगा। बड़ी संख्या में किसानों ने टोकन के लिए एसडीएम के पास आवेदन किया है। अब अधिकारी घर-घर घूमकर इन किसानों के पास धान की उपलब्धता का सत्यापन कर रहे हैं। धान उपलब्धता की पुष्टि होने के बाद ही इन किसानों को टोकन दिया जाएगा। जिन किसानों के पास धान उपलब्ध नहीं है, उन्हें टोकन नहीं दिया जाएगा।

# महाराष्ट्र से सीतानदी के जंगल पहुंचे गिद्ध का रेस्क्यू

- ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व से 400 किमी सफर कर पहुंचे गिद्ध की तबीयत खराब
- जंगल सफारी के डाक्टरों ने की रेस्क्यू में मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

माइक्रो ट्रांसमीटर और जीपीएस लगा हुआ एक बीमार गिद्ध का उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम ने रेस्क्यू किया है। यह गिद्ध 400 किमी दूर महाराष्ट्र के ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व से उदंती सीतानदी के जंगल में पहुंचा था। रेस्क्यू के बाद गिद्ध को जंगल सफारी रायपुर ले जाया गया है।



ओडिशा से आए बीमार हाथी के बाद महाराष्ट्र से पहुंचे बीमार गिद्ध का यूसीटीआर में रेस्क्यू किया गया है। डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि मंगलवार को 11 बजे उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व इन्द्रागांव-बफर परिक्षेत्र के काण्डसर बीट में पेट्रोलिंग के दौरान पेट्रोलिंग श्रमिक राधेश्याम यादव ने गिद्ध को बीमार अवस्था में देखा। उन्होंने बीमार गिद्ध की सूचना परिक्षेत्र अधिकारी सुशील कुमार सागर को तुरंत दी। अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। डी-हाईड्रेशन या बीमारी की वजह से गिद्ध की तबीयत खराब थी जिसके कारण वह उड़ नहीं पा रहा था और सिर झुकाकर बैठा था। बिलासपुर के वल्चर एक्सपर्ट अभिजीत शर्मा ने टेलीफोनिक कांफ्रेंस में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम को सुरक्षित रेस्क्यू के लिए मार्गदर्शन किया। गिद्ध को पानी एवं आहार दिया गया। गिद्ध को जंगल से निकालकर गरियाबंद लाया गया। जंगल सफारी के डॉक्टर जाडिया एवं सुश्री ऋचा ने गरियाबंद पहुंचकर गिद्ध को रेस्क्यू केज में शिफ्ट किया। जहां से उसे जंगल सफारी रायपुर ले जाया गया। उपचार के बाद गिद्ध को पुनः सुरक्षित रहवास में छोड़ा जाएगा।

श्री जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में 70 प्रतिशत पहाड़ी वन क्षेत्र है जिनमें से ओढ़-आमामोरा की पहाड़ियों में पूर्व में भी गिद्धों की उपस्थिति दर्ज की गई है। वनमंत्री केदार कश्यप, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरूण पाण्डेय, यूएसटीआर के फील्ड डायरेक्टर श्रीमती सातोविशा समाजदार, उपनिदेशक वरूण जैन, डीएफओ तेजश शेखर, जंगल सफारी के मार्गदर्शन में गिद्ध का सफल रेस्क्यू किया गया है। इस रेस्क्यू में इन्द्रागांव परिक्षेत्र एवं जंगल सफारी की टीम का अहम योगदान रहा।

# जंगल से माओवादियों का डम्प हथियार बरामद

- आत्मसमर्पित 5 लाख की इनामी महिला नक्सली की सूचना पर मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर माओवाद की हिंसक विचारधारा को त्यागकर मुख्यधारा में लौटी 5 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली भूमिका उर्फ गीता उर्फ लता उर्फ सोमारी द्वारा दी गई महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर माओवादियों द्वारा छुपाकर डम्प किए गए हथियारों को बरामद कर लिया गया है।

आत्मसमर्पित महिला नक्सली की सूचना पर डीआरजी धमतरी ने विशेष नक्सल सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान दौड़ पंडरीपानी के घने जंगल क्षेत्र से माओवादियों का हथियार डम्प बरामद किया गया। माओवादियों ने हथियारों को जमीन में गहरा गड्ढा खोदकर छुपाया था तथा ऊपर से पत्तियों एवं प्राकृतिक सामग्री से ढंक दिया था, ताकि वे सुरक्षा बलों की नजर से बचे रह सकें।

बरामद हथियारों में 7.62 एमएम एसएलआर ऑटोमेटिक राइफल एक नग (सिलिंग सहित), एसएलआर की दो खाली मैग्जीन, 12 बोर बंदूक एक नग (सिलिंग सहित) तथा भरमार बंदूक एक नग (सिलिंग सहित) शामिल हैं। इस बरामदगी को नक्सल उन्मूलन अभियान के अंतर्गत धमतरी पुलिस एवं डीआरजी की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। यह कार्रवाई न केवल माओवादियों की हिंसक गतिविधियों को कमजोर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह भी स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने में प्रभावी साबित हो रही है।




## खबर संक्षेप

### दो माह से मानदेय के इंतजार में शिक्षा सेवा प्रदाता

**धमतरी।** प्राथमिक विद्यालय नगरी के शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने कलेक्टर से मानदेय की राशि दिलाने की मांग की है। सोमवार को कलेक्टर को सौंपे आवेदन में शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने कहा है कि जिला शिक्षा कार्यालय ने शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए नगरी विकासखंड के 41 प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा सेवा प्रदाताओं की भर्ती की है। सभी शिक्षा सेवा प्रदाता पूर्ण समर्पण के साथ विद्यालयों में अध्यापन कार्य करा रहे हैं। सभी सेवा प्रदाताओं को माह नवम्बर एवं दिसंबर की मानदेय राशि नहीं मिली है जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर से दो माह की मानदेय राशि शीघ्र दिलाने की मांग की गई है।

### कातलबोड़ में 26 को मड़ई

**कुरूद।** ग्राम कातलबोड़ में मड़ई मेला का आयोजन 26 जनवरी को किया जा रहा है। 25 जनवरी को आंगा देवता, कुम्हलाइन दाई का आगमन गट्टासिल्ली बाड़ा पाली नगरी से होगा। 26 जनवरी को प्रातः प्रभात फेरी, नृत्यगान, 12 बजे से अतिथियों का स्वागत, मड़ई मेला में आंगा देवता की शोभायात्रा, शाम 6 बजे स्कूल में व्यायाम एवं टार्च रील, रात्रि 10 बजे से जगमोहनी चाचा भतीजा छत्तीसगढ़ी नाचा भोथीडीह पाहंदा (चम्पारण) की प्रस्तुति होगी। 27 जनवरी को आंगा देवता, कुम्हलाइन दाई की विदाई होगी।

### मीटिंग में मनरेगा बचाओ आंदोलन पर होगी चर्चा

**धमतरी।** अनिल जयहिंद अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी डिपार्टमेंट के मार्गदर्शन में लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं संजय पाल को राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली एवं तेलंगाना



ओबीसी का प्रभारी बनाया गया है। 22 जनवरी को तेलंगाना ओबीसी की मीटिंग रखी गई है। मुख्यातिथि श्रीकांत गौड़ अध्यक्ष ओबीसी तेलंगाना, श्रीमती मीनाक्षी नटराजन एआईसीसी, बी. महेश कुमार गौड़ अध्यक्ष पीसीसी तेलंगाना होंगे। इस मीटिंग में मनरेगा बचाओ आंदोलन, ओबीसी को 42 प्रतिशत आरक्षण, ओबीसी डिपार्टमेंट के लिए राज्य स्तर ट्रेनिंग कैंप समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## निधन

### मीराबाई नामदेव

**धमतरी।** श्रीमती मीराबाई नामदेव का निधन 20 जनवरी की शाम



6.30 बजे हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज 21 जनवरी को निवास स्थान मराठापारा से शांतिघाट के लिए निकलेगी। वह वरिष्ठ स्वयंसेवक विजय नामदेव एवं अजय नामदेव की माताजी थीं।

### छिनियाबाई ध्रुव

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी छिनियाबाई ध्रुव का 18 जनवरी रविवार को निधन हो गया। वे रामजी ध्रुव, रामा ध्रुव, सुदामा ध्रुव, लता ध्रुव की मां, हेमंत, फ़ग्गू, पाला, योगेश, धनेन्द्र, योगेश्वर ध्रुव की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

**न्यायालय श्रीमान रजत कुमार निराला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

न्याय./क्यु/ क्रमांक दिनांक 20/01/2026
प्रो. क्र -147/2026

**सूचना**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वादिनी के द्वारा आप प्रतिवादी आम जनता वगैरह के विरूद्ध विर्निदिष्ट अनुतोष अधिनिमय के तहत नाम की घोषणा हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसका व्यवहार वाद क्रमांक 188 अ / 2025 गोमती उर्फ आशा साहू बनाम आम जनता वगैरह लंबित है, तथा वादिनी गोमती उर्फ आशा बाई के नाम पर ग्राम-डांडेसरा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. कुरूद, जिला धमतरी छ.ग. में खसरा नं. 165/2 रकबा 1.25 हें. राजस्व अभिलेख में आशा बाई जौजे लल्लू राम के नाम पर दर्ज है, जिसके संबध में वादिनी के द्वारा गोमती उर्फ आशा बाई जौजे हेमंत उर्फ लल्लू किये जाने हेतु नाम कि घोषणा वास्ते वाद संस्थित कि गई है, जिसमें प्रतिवादी आमजनता जो भी हितबध्द पक्षकार हो को प्रतिवादी क्रमांक 01 के रूप में वाद में संयोजित किया गया है, जिसकी उपस्थिति / तामिली हेतु सूचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, तथा उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 03/02/2026 को पेशी तारीख को आप प्रतिवादी क्रमांक 01 उपस्थिति हेतु नियत की गई है, तथा नियत पेशी तारीख को प्रतिवादी क्रमांक 01 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारीख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नही होगा। अगर उक्त पेशी दिनांक को किसी प्रकार से अवकाश घोषित हो जाता है, तो आगामी पेशी दिनांक को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मुहर

**रजत कुमार निराला**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद**
**जिला धमतरी (छ.ग.)**

### कमारपारा कोर्डेमुड़ा में सीसी रोड और बोर खनन की मांग

# जनमन सड़क पर किसान ने लगाई आपत्ति, रूका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनमन योजना अंतर्गत कसपुर के कमारपारा तक सीसी रोड निर्माण में अवरूद्ध होने की शिकायत आई है वहीं कमारपारा कोर्रेमुड़ा में 700 मीटर सीसी रोड निर्माण की मांग कलेक्टर से की गई है।

तहसील बेलरगांव के ग्राम पंचायत कसपुर के पंच संगीता नेताम, रीमा सोरी, जनकलाल नेताम, सुंदरलाल, निर्मल नेताम, डोमार सिंग, देवेंद्र नेताम, ठाकुरराम आदि ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत कसपुर के पारा झुरानदी से



कमारपारा एवं कसपुर तक जनमन योजना के तहत ग्रामीण सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के बीच में 14 किसानों की निजी जमीन आ रही है। सभी किसानों द्वारा सड़क निर्माण के लिए सहमति देने पर डब्लूबीएम रोड एवं पुल निर्माण किया जा चुका है, लेकिन वर्तमान में सड़क निर्माण में एक किसान द्वारा अपनी जमीन में सड़क निर्माण कराने से इंकार कर रहा है। इससे सड़क निर्माण अवरूद्ध हो गया है। ग्रामीणों ने समस्या का निराकरण कराने की मांग कलेक्टर से की है।

नगरी तहसील के ग्राम झुझराकसा के सरपंच ने कलेक्टर को आवेदन कर 700 मीटर सीसी सड़क बनाने की मांग की है। सरपंच ने आवेदन में कहा है कि आश्रित ग्राम कमार नयापारा कोर्डेमुड़ा में 700 मीटर सीसी रोड जनमन योजना के तहत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सज्जू घर से बज्जू घर तक 700 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। झुझराकसा सरपंच ने एक अन्य मांग में कहा है कि कमार नयापारा कोर्डेमुड़ा में एक हैंडपंप के सहारे पानी की आपूर्ति होती थी। इसमें सौर उर्जा का ड्यूल पंप फंस गया है। इस कारण मिनी सौर उर्जा के पास बोर खनन की आवश्यकता है। सरपंच ने कोर्डेमुड़ा में बोर खनन शीघ्र कराने की मांग की है।

### गणेशपुर में कल भक्त गुहा निषाद जयंती

**जीजामगांव।** सिलतरा 20 पाली गणेशपुर परिक्षेत्र के तत्वावधान में ग्राम गणेशपुर में 22 जनवरी को भक्त गुहा निषाद जयंती का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरूराम निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग कैबिनेट मंत्री दर्जा छग शासन होंगे। अध्यक्षता डॉ ललित निषाद अध्यक्ष 20 पाली सिलतरा गणेशपुर परिक्षेत्र करेंगे। विशेष अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, चंदूलाल निषाद अध्यक्ष जिला धमतरी



निषाद समाज, चंदूलाल निषाद अध्यक्ष गणेशपुर परिक्षेत्र, रेखा निषाद मनोनीत जिला अध्यक्ष उपसरपंच गणेशपुर, गुंजा देवी निषाद जिला सचिव धमतरी, ठाकुरराम साहू जनपद सदस्य कुरूद, गंगाप्रसाद मिश्रा सरपंच गणेशपुर, चंचल साहू जनपद सदस्य कुरूद, जानकी साहू जनपद सदस्य कुरूद, कृष्णकुमार सांखरे अध्यक्ष सोसाइटी जीजामगांव, देवचरण चंद्राकर सरपंच जीजामगांव, मीना साहू सरपंच सरबदा, आनंद निषाद पूर्व सरपंच संरक्षक गणेशपुर, पूजा साहू सरपंच दरबा, राकेश साहू सरपंच मुरा होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि सुबह 8 बजे से गली भ्रमण एवं कलश यात्रा, सुबह 9 बजे दीप प्रज्ज्न एवं पूजा अर्चना, दोपहर 11 अतिथि स्वागत, दोपहर 3 बजे से श्री शिव शक्ति मानस मंडली कानामुका एवं 5 बजे से सोन चिरईया सुआ नृत्य गणेशपुर तथा संध्या में श्री जय अंबे रामधुनी झांकी मंडली कचना की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

## कुश्ती खिलाड़ियों ने रायपुर में लहराया जीत का परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इंडियन क्लब रामकुंड रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में आजाद चौक अखाड़ा के यश वाल्मीकि एवं गोकुलपुर अखाड़ा के कुणाल यादव ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया । 27-32 वजन वर्ग मे योगेश कुम्भकार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान ने प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान किया।

प्रभारी जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी व सहायक जिला खेल अधिकारी जेपी देव, राजेश धीवर, विजय यादव, सूरज पहलवान, नुमेश यादव, गगन कुंभकार, विकास सिंह ठाकुर, रामकुमार साहू, कैलाश बाबा समेत सभी अखाड़ा के उस्तादों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बोड़रा हाईस्कूल प्राचार्य को पर्यटन मंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में सागर कुमार शर्मा द्वारा साझा काव्य संग्रह एक पेड़ मां के नाम का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 19 जनवरी को प्रेमरतन मैरिज पैलेस राजिम किया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा रचित साझा काव्य संग्रह एक पेड़ मां के नाम का विधिवत विमोचन किया। काव्य संग्रह में मगरलोड ब्लॉक के बोड़रा हाईस्कूल प्राचार्य श्यामसुंदर साहू की



रचना को भी शामिल किया गया।

अतिथियों ने उन्हें शाल व श्रीफल मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पहले भी प्राचार्य साहित्य के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्यों के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल थे। अध्यक्षता चंदूलाल साहू अध्यक्ष बीज निगम छग ने की। विशिष्ट अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा विभा अवस्थी, कुलपति डॉ विनय पाठक, वरिष्ठ साहित्यकार मीर अली मीर एवं महेश यादव अध्यक्ष नपा राजिम थे।

इस उपलब्धि पर बीईओ मगरलोड मनीष ध्रुव, बीआरसी टोमेश्वर ठाकुर, संकुल प्राचार्य एसके साहू, अशोक पटेल, संकुल समन्वयक बीके सोनी, व्याख्याता एचके बंसोर, केके साहू, टीके साहू, डीके साहू, केएल साहू, पवन निषाद ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री से अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विगत दिनों आरंग में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रमेश हिरवानी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को अपनी खेल गतिविधियों के संबंध में अवगत कराते हुए गोल्डन बुक आफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने के लिये भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उनके द्वारा किये गए प्रयासों की प्रशंसा की और आगे भी प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बागेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के पश्चात जलक्षत्री परिवार से मुलाकात की। इसी दौरान बॉडी बिल्डर रमेश हिरवानी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के मठपराई चित्रकला के एक मात्र कलाकार अभिशेक सपन से मुलाक़ात की। मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत, सांसद विजय बघेल, विधायक मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण, ध्रुव कुमार अध्यक्ष चर्म शिल्पकार बोर्ड, दिलीप जलक्षत्री



उपसंयोजक मत्स्य प्रकल्प प्रकोष्ठ भाजपा समेत अन्य मौजूद थे।

## सशिमं के दो छात्र का बीएसएफ में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर छाती के पूर्व छात्र कीर्तमान साहू पिता गैंदलाल साहू और महेंद्र निषाद पिता दिनेश निषाद ग्राम छाती का बीएसएफ में चयन हुआ है।

सरस्वती शिशु मंदिर छाती के शिक्षकों एवं विनयाजंलि शिक्षण समिति छाती के पदाधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## गौ विज्ञान परीक्षा में 3359 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण व संवर्धन समिति द्वारा प्रदेशस्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया।

धमतरी जिले में तीनों वर्ग ए वर्ग कक्षा छठवीं से आठवीं, बी वर्ग कक्षा नवमी से 12वीं तक तथा सी वर्ग प्रथम वर्ष से स्नातकोत्तर तक के 3359 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। नोडल अधिकारी धमतरी विकासखंड से श्रीमती शोभा दुबे, हनुमान प्रसाद वर्मा, कुरूद विकासखंड से पोखनलाल साहू, मनोज कुमार नेताम, मगरलोड विकासखंड से दयाराम साहू, देवेश कुमार साहू एवं नगरी विकासखंड



से संतोष कुमार प्रजापति, राजेश कुमार तिवारी थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा में नंदकिशोर साहू प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को गौ विज्ञान परीक्षा के महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। यह जानकारी जिला नोडल अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र ने दी।

## श्रद्धांजलि योजना की राशि दी



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत परसापानी के आश्रित ग्राम अछोली निवासी रामबाई का निधन 14 जनवरी को हुआ। श्रद्धांजलि योजना के तहत रामबाई के पुत्र कौशिक विश्वकर्मा को 2000 की नगद राशि पंचायत प्रतिनिधि द्वारा दी गई। इस अवसर पर सरपंच कांतिदेवी नेताम, उपसरपंच गिरधर मरकाम, वार्ड पंच निकेश मानिकपुरी, सत्यनारायण मंडावी, राजेश मरकाम, भीम सेन यादव, जगबती मंडावी, यशवंत सिन्हा मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुई स्वदेशी संकल्प दौड़

■ स्वामी विवेकानंद का विचार युवाओं में आत्मविश्वास जगाता है : डॉ. यदु

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में स्वदेशी संकल्प दौड़ हुई।

इस अवसर पर प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने स्वामीजी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। स्वदेशी संकल्प दौड़ का उद्देश्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से युवाओं में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, आत्मनिर्भर भारत की सोच, राष्ट्रीय गौरव तथा देश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना था। डेविड कुर्रे सहायक



प्राध्यापक कम्प्यूटर साईस ने कहा कि व्यक्ति जन्म से महान नहीं बनता, अपितु संघर्ष से, निरंतर प्रयास और अनुशासन से ही महान बनता है। पृथ्वीराज साहू सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का जीवन युवाओं के लिए एक जीवंत मार्गदर्शक है, जो उन्हें लक्ष्य निर्धारण एवं आत्मविश्वास की प्रेरणा देता है। प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का विचार युवाओं के लिए ऊर्जा, आत्मविश्वास और अनुशासन का पाठ सिखाने वाला है। स्वदेशी संकल्प दौड़ केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक वैचारिक संकल्प है, जो युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। मौके पर प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू, सुश्री लीना बैस सहित ओमेश्वरी, दामिनी साहू, डिम्पल साहू, प्रियंका, भावना, रेश्मी, सीमा, यामिनी पटेल, चांदनी, ईशु, राकेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं

## छात्रों के भविष्य निर्माण पर परिचर्चा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय, नगरी में कैरियर काउंसलिंग एवं साइंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए "भविष्य निर्माण" विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अश्वनी ध्रुव के निर्देशन में, करियर काउंसलिंग एवं साइंस क्लब प्रभारी प्रो. कौशल नायक के संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. हितेशानंद ठाकुर ने विद्यार्थियों को निकट भविष्य में उपयुक्त शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र के चयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।





उन्होंने सीजीपीएससी एवं यूपीएससी जैसी प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इन परीक्षाओं में प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया होती है। साथ ही उन्होंने प्रशासनिक सेवा की तैयारी की रणनीति, विषय चयन एवं मेंस परीक्षा में उत्तर लेखन की तकनीक पर भी प्रकाश डाला।

प्रो. लालमन बेरवंश ने सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याता बनने हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पद के अनुसार हायर सेकंडरी, स्नातक, स्नातकोत्तर, बीएड, डीएलएड तथा सीजीटेट और सीटेट की तैयारी अनिवार्य है। डॉ. कविता नारंग ने आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया, अध्ययन का माहौल एवं अनुशासन के महत्व पर चर्चा की।

प्रो. कौशल नायक ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में करियर काउंसलिंग विद्यार्थियों को सही दिशा, स्पष्टता और आत्मखोज में सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रवेश के अवसरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विशेषज्ञों ने समाधान किया। साइंस क्लब सदस्य प्रियंका ठाकुर ने सीजीपीएससी की तैयारी हेतु पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र, संदर्भ पुस्तकों एवं नोट्स बनाने की सलाह दी। ललिता कोकिला ने सीजी व्यापम द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में साइंस क्लब के सदस्य सीता नेताम, भूषण साहू, गोपाल देवांगन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मगरलोड कालेज में महिलाओं के कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न विषय पर हुई परिचर्चा

# महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक होने से ही सशक्तिकरण संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य प्रभा वेरुलकर के निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. यशोदा साहू के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में शी-बाक्स पोर्टल एवं महिलाओं के कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण ,प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013) पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अनामिका शर्मा महिला संरक्षण अधिकारी एवं श्रीमती प्रियंका गजीर जिला मिशन समन्वय जिला धमतरी थीं।

प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने बताया कि आज महिलाओं से संबंधित अनेक कानून बनाए गए हैं लेकिन अधिकांश महिलाओं को जानकारी नहीं होती है। जब तक महिलाएं अपने अधिकारों और कानूनों के प्रति जागरूक नहीं होंगी, तब तक सशक्तिकरण संभव नहीं है मुख्य वक्ता अनामिका शर्मा ने छात्राओं एवं



कार्यरत कर्मचारियों को कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न के विषय में जानकारी दी गई। घटनाओं की ऑनलाइन शिकायत के लिए शी-बाक्स पोर्टल के विषय में भी जानकारी दी गई।

श्रीमती प्रियंका गंजीर ने मिशन शक्ति अंतर्गत आने वाली योजनाएं जैसे सखी वन स्टाफ सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, सखी निवास, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शक्ति सदन, आंगनबाड़ी पालना केंद्र की जानकारी दी गई। सखी वन स्टाफ सेंटर में हिंसा पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे पांच प्रकार की सुविधा काउंसलिंग, पुलिस सहायता, चिकित्सा सुविधा, विधिक सहायता एवं पांच दिवसीय पीड़ित महिला को आश्रम सुविधा प्रदान की जाती है । महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ यशोदा साहू ने बताया कि महिलाओं के सशक्त होने में शिक्षा का विशेष योगदान है। प्रत्येक महिला को आत्मनिर्भर बनना चाहिए।

मौके पर डॉ. घनश्याम देवांगन, कौशलेश ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, निरूपा साहू, डॉ. रमा चंद्राकर, अनीता साहू, डॉ. सुशीला साहू, दीपक कश्यप, डॉ विनोद कुमार, नीरज कुमार, सुषमा, वर्षा यादव, दानेश्वर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनीता साहू व आभार प्रदर्शन डॉ. यशोदा साहू ने किया।

## अंचल की खबरें

### मधुरानी का सीमा सुरक्षा बल में चयन



**धमतरी।** नगर के हटकेश्वर वार्ड निवासी व्याख्याता नरेश पटेल की पुत्री कुमारी मधुरानी पटेल का सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) एसएससी डीजी कांस्टेबल पद पर चयन हुआ है। इससे पूरे क्षेत्र, समाज एवं परिवार में हर्ष का वातावरण है। उनका यह चयन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि समूचे समाज एवं क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि बेटियां भी देश सेवा के क्षेत्र में पुरुषों के समान कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर सकती हैं। इस उपलब्धि पर तेजराम पटेल, सगुन पटेल, रामगोपाल पटेल, भानू पटेल, गोविन्द पटेल, हेमकृष्णा पटेल, बोधन पटेल, प्रशांत पटेल, सुधीर पटेल, शेखर पटेल, प्रवीण पटेल, तुषार पटेल, ओमलता, कविता, राही, डिगेश्वरी, प्रगति, पायल, तनु, विन्नी, भूमिका पटेल, बिशेसर पटेल, दिलीप पटेल, तरुण भांडे, ललित भांडे, प्रकाश पटेल, बबला पटेल, महेश पटेल ने हर्ष जताया है।

### बारना में भक्त गुहा निषाद जयंती मनाई गई



**धमतरी।** ग्राम बारना में निषाद (केवट) एवं ढीमर समाज के संयुक्त तत्वावधान में भक्त शिरोमणि गुहा निषाद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग थे। अध्यक्षता प्रकाश निषाद अध्यक्ष 22 पाली डोंगेश्वर क्षेत्र देवपुर ने की। विशिष्ट अतिथि फगनु राम निषाद पूर्व अध्यक्ष 22 पाली डोगेंश्वर क्षेत्र देवपुर, केशव राम साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, दीपक पटेल सरपंच बारना, दिलीप निषाद सैनिक, श्रीमती ममता निषाद पूर्व सदस्य जनपद पंचायत थे।

### ड्राइंग में लुभांशु, रंगोली में वंदना अव्वल



**धमतरी।** पुलिस प्रशासनद्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता माह अंतर्गत यातायात पुलिस डीएसपी मोनिका मरावी की उपस्थिति में मां विंध्यवासिनी स्कूल में कृति फाइन आर्ट्स इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा विषय पर रंगोली और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान मां विंध्यवासिनी स्कूल की संचालिका यशोदा सोनकर, जानकी गुप्ता एवं शाला के शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित थे। ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम लुभांशु सोनकर, द्वितीय लुकेश साहू, तृतीय नितेश साहू, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम वंदना ध्रुव, सौम्या टांडिल्य, द्वितीय तेजल चेलक, तान्या साहू, टिकेश्वरी रहे।

### राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में की सहभागिता




**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा के पांच रोवर्स और एक सीनियर ग्राम दूधली बालोद में आयोजित रोवर रेंजर शिविर में सहभागिता की। रोवर यूनिट लीडर शेषनारायण गजेंद्र के नेतृत्व में गेतेंद्र कुमार साहू, अनुज कुमार साहू, मनीष कुमार साहू, हुमेश कुमार, जतिन कुंभकार एवं कामेश भारती सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नंदकिशोर साहू, गणेशप्रसाद साहू जिला अध्यक्ष भारत स्काउटस एवं गाइड्स, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, सहायक संचालक देवेश कुमार सूर्यवंशी, डीओसी नेमलाल गंगगेले, सुभाष साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, श्रीमती नीलम साहू सरपंच ने हर्ष जताया है।

### विधायक को स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला शाखा ने विधायक ओंकार साहू को ज्ञापन सौंपकर आधार आधारित उपस्थिति से मैदानी स्तर पर कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को मुक्त किए जाने की मांग की। संघ ने बताया कि तय समयावधि में उपस्थिति दर्ज करने की बाध्यता से मैदानी कार्य प्रभावित होगा। उपस्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव, महामारी, उल्टी-दस्त, गैर संचारी रोग सहित अन्य आपात सेवाओं में बाधा उत्पन्न हो सकती है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। विधायक ने इस विषय में स्वास्थ्य मंत्री एवं सचिव को पत्र लिखकर मैदानी कर्मचारियों को राहत दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष संजय नारंग, उप प्रांताध्यक्ष शिवराम टंडन, जिला सचिव ओमप्रकाश निर्मलकर, आरएचओ प्रकोष्ठ जिला संयोजक ईश्वर साहू, गिरीश साहू, सुशील गायकवाड़ सहित अन्य संघ के सदस्यउ पस्थित थे।

### दीक्षांत समारोह में दो छात्राओं को मिली डिग्री



**धमतरी।** वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी समारोह अंतर्गत बैरागी द्वीप हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में धमतरी की दो छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रगति पटेल एवं विजया साहू को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। प्रगति पटेल को एमएससी मेडिसिनल प्लांट साइंस की डिग्री प्राप्त हुई। वे कोसरिया मरार पटेल धमतरीराज के अध्यक्ष सगुन पटेल की पुत्री हैं। वहीं विजया साहू पिता कुलेश्वर साहू निवासी परसदा (गुंडरदेही) को भी डिग्री प्रदान की गई। विजया साहू ट्रस्टी राजकुमार साहू की भतीजी हैं। गायत्री परिवार शक्ति पीठ धमतरी ने प्रगति पटेल, विजया साहू सहित अन्य छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ के जिला समन्वयक दिलीप नाग, ट्रस्टी राजकुमार साहू, शेखन साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, एलके यादव, उगेश बंछोर, दिलीप पटेल, मकसूदन मेश्राम, पारसमणि साहू, रामेश्वर नाग सहित गायत्री परिवार के अनेक परिजन उपस्थित रहे।

### अंतर शालेय संगीत समारोह "स्वरा" का आयोजन

# सुर और ताल से विद्यार्थियों ने सबका मन मोहा

- अज़ीम प्रेमजी स्कूल शंकरदाह में हुआ आयोजन, बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम शंकरदाह स्थित अज़ीम प्रेमजी हाई स्कूल में अंतर शालेय संगीत समारोह "स्वरा" का आयोजन हुआ। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय गायन, लोकगीत, देशभक्ति गीतों से सभी का मन मोह लिया। समारोह में अज़ीम प्रेमजी स्कूल के साथ एजेक्ट फाउंडेशन धमतरी, केन्द्रीय विद्यालय धमतरी, केन्द्रीय विद्यालय कुरुद, देलही पब्लिक स्कूल धमतरी, विद्याकुंज स्कूल धमतरी, सेंट ज़ेवियर स्कूल धमतरी, नूतन इंग्लिश मीडियम स्कूल धमतरी, पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला अरौद मगरलोड, शासकीय माध्यमिक शाला भोथली, सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत अज़ीम प्रेमजी स्कूल के म्यूजिक क्लब के विद्यार्थियों द्वारा आएगा नया ज़माना आएगा समूह गायन से हुई। इसके बाद केन्द्रीय विद्यालय धमतरी की कक्षा-6 की छात्रा अनुशिवा ने मधुबन खुशबू देता है एकल गीत द्वारा सभी का मन मोह लिया। सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब के विद्यार्थियों ने कितना सुंदर देश हमारा समूह गीत से सभी को देशभक्ति से भर दिया। अज़ीम प्रेमजी स्कूल के भीम ने छत्तीसगढ़ी एकल गीत माटी होहि तोर चोला गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में लोक संगीत से समा बांध दिया। देलही पब्लिक स्कूल धमतरी की आराध्या जैन, काव्या नाहर, मौली गोलछा, आन्या लुनावत ने समूह गीत एक ज़ंदिगी-सौ ख्वाहिशें समूह गीत से अपनी ख्वाहिशें प्रस्तुत कीं।

सेंट ज़ेवियर स्कूल धमतरी की वेदश्री सोनी ने एकल गीत जस्ट होल्ड ऑन प्रस्तुत किया। शासकीय माध्यमिक शाला भोथली की छात्रा उषा यादव ने एकल गीत मनुष्य जनम अनमोल रे भजन की प्रस्तुति दी। नूतन इंग्लिश मीडियम स्कूल धमतरी की छात्रा समूह प्रियंका सोनकर, ट्विंकल ध्रुव, भूमिका प्रधान, प्रांजल द्विवेदी, येश्रीया साहू ने समूह गीत आगे बढ़ने का इरादा से सभी को मोहित कर दिया। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला अरौद मगरलोड के छात्रों ने समूह देश भक्ति गीत अमर शहीदों का चारण गाकर सभी को गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। विद्या कुंज धमतरी के छात्र शुभ अंकारे ने एकल गीत ज़ंदिगी प्यार का गीत है की प्रस्तुति दी। एग्जेक्ट फाउंडेशन धमतरी की छात्राएं दामिनी सोनकर, जयश्री सोनकर, पूजा मरकाम, राखी, राधा ने समूह गीत जीना इसी का नाम है गीत से जीवन के सार, दूसरों की मदद करने और प्यार बांटने की प्रेरणा दी। केन्द्रीय विद्यालय कुरुद के हिमांश कुमार ने एकल गीत पाएगा जो लक्ष्य है तेरा गीत से सभी को उत्साह से सराबोर कर दिया। गगन यादव ने बांसुरी वादन से सभी के मन को तरोताज़ा कर दिया।

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति



- गुहा निषादराज की जयंती पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

छत्तीसगढ़ केंवट निषाद समाज परिक्षेत्र फागुनदाह द्वारा शिरोमणि भक्त गुहा निषादराज की जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम चिटौद में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं भक्त गुहा निषादराज की पूजा-अर्चना तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। समाज की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान श्रीराम की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, उपसरपंच रमेश नेताम सहित परिक्षेत्र अध्यक्ष पदुमराम निषाद, उपाध्यक्ष शहवप्रसाद निषाद थे। सुरेन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भक्त गुहा निषादराज केवल निषाद समाज ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सनातन संस्कृति के गौरव हैं। परिक्षेत्र अध्यक्ष पदुमराम निषाद ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया तथा 22 जनवरी को गुरूर में होने वाले तहसील स्तरीय कार्यक्रम में अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की। इस अवसर पर वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन बिशेसर निषाद एवं आभार प्रदर्शन जागेश्वर निषाद ने किया। बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बच्चों को मंदिर, धर्म, त्योहारों और सिंधियत से जोड़ने पर दिया बल

- भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा का एक दिवसीय सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा द्वारा युवाओं को सिंधी भाषा, संस्कृति एवं इतिहास से जोड़ने के उद्देश्य से रायपुर स्थित विमतारा भवन में एक दिवसीय सिंधी युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

स्वागत उद्बोधन युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने दिया। महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विनीता भावनानी ने अपने प्रेरक संबोधन में युवाओं को सिंधी भाषा, संस्कृति, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने माता-पिता को बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखने, परिवार के साथ नियमित भोजन करने तथा बच्चों को मंदिर, धर्म, त्योहारों और सिंधियत से जोड़ने पर बल दिया। साथ ही विभाजन काल में पूर्वजों द्वारा किए गए संघर्षों से नई पीढ़ी को अवगत कराने की आवश्यकता बताई।

मोटिवेशनल सत्र में दीपेश सांखला ने स्मार्ट तकनीक अपनाकर लक्ष्य प्राप्ति के गुर बताए। दूसरे सत्र में सीए चेतन तारवानी ने टैक्सेशन एवं जीएसटी विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। टॉक शो में सफल उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए जुनून, आत्मविश्वास और सही निर्णय को सफलता की कुंजी बताया।

कार्यक्रम में संत उदयलाल, प्रदेश अध्यक्ष लद्धाराम नैनवानी सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंतिम सत्र में संगठन विस्तार की घोषणा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने बिलासपुर के नीरज जज्ञासी को महामंत्री, नवीन केशवानी को प्रदेश मंत्री तथा धमतरी के रिक्की गनवानी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया। सम्मेलन में धमतरी से मनीष आसवानी, विशाल रामरखयानी, दीपक लालवानी, रिक्की गनवानी, आकाश होतवानी, जीतू साघवानी, करण जगमगानी, पंकज वाधवानी, रमन जसवानी, प्रेम सुंदरानी शामिल हुए।

## वन सीमा विवाद, आपसी समझौते से होगा समाधान

- जामपानी में वन अधिकार मान्यता अधिनियम पर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



एक कदम गांव की ओर ग्राम सभा सशक्तिकरण की ओर थीम को लेकर नगरी विकासखंड में युवाओं द्वारा पेसा कानून एवं वन अधिकार मान्यता अधिनियम, 2006 के प्रति जागरूकता और क्रियान्वयन को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम जामपानी में वन अधिकार मान्यता अधिनियम, 2006 के तहत ग्राम सीमाओं से जुड़े सीमा विवाद के समाधान हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ग्राम जामपानी के साथ-साथ सीमावर्ती ग्राम बरोली (ग्राम पंचायत गिधावा) के ग्रामीणों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक के दौरान आपसी संवाद, सहमति और समझदारी के माध्यम से सीमा विवाद के शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा की गई। साथ ही वन अधिकारों की सही पहचान, दावा प्रक्रिया और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में वक्ताओं द्वारा वन अधिकार कानून एवं पेसा नियमों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस अवसर पर क्षेत्र एवं विकासखंड के उन सभी ग्रामों से, जहां वन सीमाओं को लेकर विवाद की स्थिति है, आपसी समझौते के माध्यम से समाधान निकालते हुए सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआर) के दावा पत्र प्रस्तुत करने की अपील की गई। इस बैठक में केबीकेएस नगरी के सक्रिय सदस्य मुकेश मण्डावी, गोरेलाल वट्टी, सुभाष सोरी, लोकेश्वरी वट्टी एवं तोरण नेताम की विशेष भूमिका रही। वहीं मार्गदर्शक के रूप में हेमन्त तुमरेटी, पोखन नेताम एवं बलदेव पडौटी का सहयोग प्राप्त हुआ।

### बिटिया सम्मान समिति ने एग्जैक्ट फाउंडेशन के बच्चों को दिए उपहार

**धमतरी।** मकर संक्रांति के अवसर पर बिटिया सम्मान समिति ब्राम्हण समाज के सदस्यों ने एग्जैक्ट फाउंडेशन के बच्चों को उपहार वितरित किए। मौके पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनी और प्रशिक्षक सुश्री रूबी उपस्थित थीं। धमतरी ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राकेश दीवान एवं महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती पूजा मिश्रा एवं श्रीमती सरिता दीवान के सहयोग से यह कार्यक्रम हुआ। विशेष भूमिका अपर्णा शर्मा, प्राची चतुर्वेदी, शतक्षी दीवान, शिखा मिश्रा, आस्था तिवारी एवं स्नेहा मिश्रा की रही।

# अवैध धान कारोबार पर प्रशासन का शिकंजा



- नगरी-मगरलोड में फर्मे सील, वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से धान का संग्रहण एवं विक्रय करने वाली फर्मों और कोचियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगरी एवं मगरलोड विकासखंड में बड़ी कार्रवाई की गई।

18 जनवरी को विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल नगरी, राजस्व विभाग एवं मंडी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच के दौरान विकासखंड नगरी अंतर्गत ग्राम बोराई स्थित रोशन ट्रेडर्स (संचालक पद्म भंसाली), ग्राम घुटकेल स्थित शिवम ट्रेडर्स (संचालक सुमीत खंडेलवाल) एवं साहू ट्रेडर्स (संचालक सीताराम साहू), साथ ही ग्राम आमाबहरा स्थित पीयूष ट्रेडर्स (संचालक राकेश नाग) में अनियमितताएं पाई गईं। अनियमितताओं के आधार पर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी के आदेश के परिपालन में संबंधित फर्मों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 126/135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार मगरलोड तहसील अंतर्गत संतराम साहू पिता बृजलाल साहू एवं इंदुप्रकाश पिता उदय साहू दोनों निवासी ग्राम मगरलोड द्वारा मंडी अधिनियम 1972 का बार-बार उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से धान का संग्रहण एवं परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान दोनों कोचियों से धान एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन की जब्ती की गई तथा उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 170/126ठ एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

# सड़क दुघर्टना में मिल मजदूर की मौत

**ग्राम अरौद की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



राइस मिल में काम कर बाइक से वापस घर लौट रहे मजदूर युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अरौद निवासी तेजेंद्रनाथ सिन्हा पिता राधेश्याम उम्र 45 वर्ष धमतरी स्थित अनिल राइस मिल में काम करता था। युवक रोजाना राइस मिल की मोटरसाइकिल से काम करने धमतरी जाता था। 12 जनवरी की सुबह भी युवक काम करने राइस मिल गया था जहां से काम कर शाम को युवक मिल की मोटरसाइकिल से वापस घर अरौद जा रहा था। युवक अपने गांव के पास पहुंच गया था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन का चालक लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार ठोकर मार भाग गया। घटना में युवक मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गया।

हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती किया गया था। गंभीर हालत के चलते रिफर किए जाने पर घायल को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से परिजनों द्वारा घायल को रिफर कराकर वापस लाकर मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की शाम घायल की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## नवाचार, विज्ञान और सामुदायिक सहभागिता का संगम कल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

माध्यमिक शाला बोड़रा में 22 एवं 23 जनवरी को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 22 जनवरी को नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप एफएलएन बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राएं अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों से संबंधित विभिन्न शैक्षणिक स्टॉल लगाकर करके सीखने की अवधारणा पर आधारित गतिविधियों एवं प्रयोगों का जीवंत प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी हरीश होंगे। दूसरे दिन 23 जनवरी को छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रधान पाठक महेंद्र बोरझा ने बताया कि यह वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं जीवन कौशल के विकास में सहायक होगा तथा शिक्षा को व्यवहार से जोड़कर नए भारत के निर्माण हेतु जागरूक एवं सक्षम नागरिक तैयार करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

### स्कूली बच्चों के आदिवासी नृत्य ने मोहा मन

**मगरलोड।** नवागांव पांच पाली क्षेत्र ध्रुव गोंड़ आदिवासी समाज भवन का लोकार्पण ग्राम पंचायत डुमरपाली में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम रही। स्कूल बच्चों व्दारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने सामाजिक एकता पर जोर दिया। समाजजनों को शिक्षा की ओर ध्यान देने जोर दिया। विधायक निधि से निर्मित भवन की मरम्मत, देखरेख व साफ सफाई करते हुए उपयोग करने की बात कही।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल के नाटक 'मैं अनिकेत हूं' का धमतरी में मंचन होगा आज



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के नाटक 'मैं अनिकेत हूं' का चौथी बार धमतरी के राधाकृष्ण भवन में मंचन बुधवार, 21 जनवरी को शाम होगा। 90 मिनट के मूल मराठी नाटक 'मैं अनिकेत हूं' में अनिकेत की केंद्रीय भूमिका शशि वरवंडकर ने और उनकी पत्नी मीनाक्षी शर्मा का रोल डॉ. अनुराधा दुबे निभा रही हैं। इसके अलावा नाटक में चेतन दंडवते, दिलीप लांबे, प्रकाश खांडेकर, रंजन मोड़क, प्रीता लाल, रविंद्र ठेंगड़ी, समीर टुल्लू, भारती पलोसकर, विनोद राखुंडे, पंकज सराफ, डॉ. अभया जोगलेकर और श्याम सुंदर खंगन की अहम भूमिकाएं हैं। मंच पर अदालत का जीवंत सेट प्रवीण क्षीरसागर और प्रकाश गुरव का होगा। प्रकाश व ध्वनि व्यवस्था सुमीत मोड़क की होगी। नाटक के संदर्भ में महाराष्ट्र मंडल धमतरी के वरिष्ठ सभासद पीबी पराडकर ने बताया कि 'मैं अनिकेत हूं' का मंचन राधाकृष्ण भवन, महालक्ष्मी ग्रीन्स परिसर में शाम सात बजे किया जाएगा। इसके लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने शहर के समस्त रंगप्रेमियों, कला-संस्कृति से जुड़े नागरिकों और युवाओं से इस आयोजन का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है।

### इंडिया स्किल कम्पिटिशन की स्क्रीनिंग परीक्षा आज

**धमतरी।** जिले के युवाओं के कौशल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से इंडिया स्किल कम्पिटिशन 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 जनवरी को जिला स्तरीय प्रथम लेवल स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज (सिविल कोर्ट के सामने, कलेक्ट्रेट रोड) को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि यह परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) पर आधारित होगी। स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) पोर्टल पर पंजीकृत जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कुल 138 पात्र हितग्राहियों का चयन इस परीक्षा के लिए किया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी पंजीकृत उम्मीदवारों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### बालोदगहन में टेनिस बाल क्रिकेट आज से

**पुरूर।** ग्राम बालोदगहन में सितारा फ्रेंड्स क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 26 जनवरी तक किया गया है। प्रवेश शुल्क 1200 रूपये है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20 हजार 1 रूपये, द्वितीय 10 हजार 1 रूपये, तृतीय 5 हजार 1 रूपये नगद प्रदान किया जायेगा। मैन आफ दी सीरीज पर होम थियेटर, फाइनल मैच में मैन द मैच 1001 रूपये एवं हैट्रिक चौके-छक्के एवं विकेट पर 150 रूपये प्रदान किया जायेगा। प्रतियागिता की तैयारी में अध्यक्ष प्रेम पटेल, उपाध्यक्ष सूर्या मंडावी आदि जुटे हैं।

सोसाइटी के धान को चूहा खा गया कहकर घपला कर रही सरकार : दीपक

# कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ महासंग्राम रैली

- भाजपा सरकार आदिवासी व किसान विरोधी : अंबिका
- किसानों को कोचिया समझ रही साय सरकार : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ महासंग्राम रैली का आयोजन 20 जनवरी को कुरूद विधानसभा क्षेत्र के गौरव मेघा ग्राम से किया गया। रैली की शुरुआत मेघा में सभा के साथ हुई, जो अरौद, गिरौद और सौंगा गांवों से होते हुए हरदी में संपन्न हुई। रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च करते हुए केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

रैली के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से मजदूर परिवारों को 100 दिन का रोजगार देने का कानूनी अधिकार दिया था। लेकिन केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद इस योजना को कमजोर किया गया और मजदूरों से उनका हक छीना जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मजदूर विरोधी नीतियां अपना रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सोसाइटियों में रखे करोड़ों रुपये के धान को चूहा खा गया कहकर धान खरीदी में घपला करने की कोशिश की जा रही है। यह किसानों के साथ खुला अन्याय है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से जबरन रकबा समर्पण करवा रही है और धान खरीदी में आनाकानी कर रही है। किसानों के घर-घर जाकर धान की जांच कर उन्हें चोर और कोचिया समझा जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है।

सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री बनने से आदिवासियों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन आज आदिवासी और किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। धान बेचने के लिए किसान भटक रहे हैं, रकबा समर्पण और घर-घर जांच से वे हताश और परेशान हैं।

कांग्रेस नेता प्रभातराव मेघावाले ने कहा कि प्रदेश, जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सामूहिक प्रयास से यह रैली सफल हो रही है और इससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, विपिन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनीत बाफना, राजेन्द्र साहू, रवि निर्वाण, खिलेश्वरी साहू, रेखा साहू, डाकवर साहू, भूपेश सिन्हा, जगदीश साहू, अर्जुन निषाद, तोमन साहू, शंकर साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, हरिराम साहू, नारदराम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नितिन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह



- घड़ी चौक में मिठाई बांटा, आतिशबाजी कर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नितिन नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। घड़ी चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की तथा आतिशबाजी कर इस ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना संगठन की विचारधारा, अनुशासन और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उनके कुशल नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगी तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई गति मिलेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि नितिन का अध्यक्ष पद पर चयन पार्टी के लिए गर्व का विषय है। उनका अनुभव और कार्यशैली कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देगी और भाजपा जनसेवा के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी।

जिला महामंत्री राकेश साहू ने कहा कि श्री नबीन का नेतृत्व भाजपा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला सिद्ध होगा। महामंत्री महेंद्र पंडित ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी की नीतियां और कार्यक्रम जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचेंगे। कविंद्र जैन ने कहा कि नितिन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यकर्ताओं ने नितिन नबीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने दी।

## वाराणसी में धमतरी की कलात्रयी ने रचा इतिहास

- उपासना–मनु–वीरेंद्र की प्रस्तुति को मिली अपार सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना उपासना भास्कर, विख्यात तबला गुरु पंडित मनुराज पचौरी एवं वरिष्ठ संगीतज्ञ वीरेंद्र साहू ने अपनी सशक्त और प्रभावशाली प्रस्तुतियों से वाराणसी की धरती पर कलाप्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वाराणसी विकास परिषद एवं वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में अस्सी घाट बनारस के मंच पर आयोजित घाट संध्या कार्यक्रम में उपासना भास्कर की कथक प्रस्तुति को दर्शकों ने सिर-माथे पर बिठा लिया। दर्शकों ने तालियों की गूंज से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

उपासना भास्कर ने अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ गुरु पंडित विवेक देशमुख द्वारा स्वरबद्ध रचना से किया। इसके पश्चात तीन ताल में शुद्ध नृत्य की सशक्त प्रस्तुति दी और कार्यक्रम का समापन लोकप्रिय ठुमरी "मोहे छेड़ो ना" से किया।

इस प्रस्तुति में गायन एवं लहरों पर श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र साहू तथा तबला एवं पढ़ंत पर पंडित मनुराज पचौरी की संगत ने कार्यक्रम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया, जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। इन तीनों कलाकारों की दूसरी प्रस्तुति टीएफसी ओपन ऑडिटोरियम में भी हुई, जहां भी कला-प्रेमियों ने उन्हें हाथों-हाथ लिया। इस कार्यक्रम में उपासना ने "आंगिकम भुवनम" नामक स्तुति से आरंभ कर "द्रौपदी चीर हरण" के भावपूर्ण कथानक के साथ प्रस्तुति का समापन किया। दोनों ही आयोजनों में हजारों दर्शक उपस्थित रहे, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी भी शामिल थे। इस आयोजन में सीमा केसरी, श्याम केसरी, डॉ. रत्नेश वर्मा, प्रद्युमन पांडे, जगदीश चौबे, अजय श्रीवास्तव, प्रत्युष सिंह, शैलेजा पाठक, वागेश्वरी चौबे, संहिता शर्मा, वामा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उल्लेखनीय है कि उपासना भास्कर, पंडित मनु राज पचौरी एवं वीरेंद्र साहू की यह तिगड़ी छत्तीसगढ़, माहुरगढ़ (महाराष्ट्र), कोलकाता, लखनऊ, दिल्ली, नासिक, लखीमपुर सहित अनेक राज्यों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी है।

इस उपलब्धि पर पंडित राजेश शर्मा, दीपक लखोटिया, पीबी पराडकर, तानसेन श्रीवास्तव, मदनमोहन खंडेलवाल, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, अरुण चौधरी, रूपेश राजपूत, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, रंजीत छाबड़ा, पूर्व विधायक रंजना साहू, मदनमोहन दास, बसंत त्रिवेदी, नीरज रणसिंह सहित अनेक गणमान्यजनों ने हर्ष जताया है।

## कथा श्रवण से जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती है : पं. वैष्णव



- गौरव पथ एवं गुलमोहर वाटिका में श्रीमद्भागवत कथा सुनने पहुंचे पं. राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर सहित ग्रामीण अंचल में इन दिनों धार्मिक आयोजनों की अभूतपूर्व श्रृंखला देखने को मिल रही है। कोविड-19 काल के बाद पहली बार शहर के 40 वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा, पवनसुत हनुमंत कथा, आध्यात्मिक सत्संग जैसे अनेक आयोजन निरंतर आयोजित हो रहे हैं। इन आयोजनों में धर्मप्रेमी समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा नियमित रूप से सहभागिता कर आयोजकों एवं श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में गौरव पथ इंडोर स्टेडियम के पास समाजसेवी कन्हैयालाल साहू एवं गुलमोहर वाटिका में ललिता देवांगन परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पंडित राजेश शर्मा ने पहुंचकर व्यासपीठ पर विराजमान पंडित हरिशरण वैष्णव एवं अयोध्या महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म की धरती पर भगवान की कथाओं के सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत आयोजन शहर के धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण को सशक्त बना रहे हैं। इससे पूरे नगर का वातावरण सर्वत्र धर्ममय हो गया है। व्यासपीठ से पंडित हरिशरण वैष्णव ने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोग ईश्वर की उपस्थिति पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं, जिससे समाज में अशांति और अराजकता का वातावरण बनता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति धर्म और कर्म से स्वयं को जोड़े, परमात्मा को माने और संसार को सही रूप में जाने, तो जीवन में सुख, शांति और समृद्धि निश्चित रूप से आएगी। कथा श्रवण से जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती है। इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षदगण पिंटू यादव, कुलेश सोनी, पंकज गौतम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कुएं में कूदकर सात लोगों की जान बचाने वाले जयंत को कलेक्टर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कुरूद विकासखंड के ग्राम बगदेही निवासी जयंत ध्रुव को उनके अदम्य साहस के लिए सम्मानित किया। कलेक्टर ने कहा कि श्री ध्रुव ने अपनी जान की परवाह किए बिना कुएं में कूदकर दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जो समाज के लिए प्रेरणास्पद उदाहरण है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने श्री ध्रुव के उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि धमतरी जिले के ग्राम बगदेही में रविवार को ऑटो चालक की लापरवाही के कारण बुजुर्गों और बच्चों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर गहरे कुएं में जा गिरा। हादसे के समय ऑटो में चालक सहित कुल 7 लोग सवार थे, जिनमें 3-4 वर्ष के मासूम बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे। घटना को देखते ही स्थानीय सरपंच पति जयंत ध्रुव ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने बिना समय गंवाए कुएं में छलांग लगाई और अपनी जान जोखिम में डालकर कुएं में डूब रहे मासूम बच्चों सहित सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। उनकी तत्परता और साहस से एक बड़ा हादसा टल गया।

## शादी करने के बाद प्रेमी जोड़े ने किया जहर सेवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- तीन दिन पहले घर से भागा था जोड़ा



प्रेम-प्रसंग के चलते तीन दिन पहले घर से भागकर प्रेमी जोड़े ने शादी कर ली लेकिन शादी के दूसरे दिन ही दोनों ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। प्रेमी जोड़े को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम खैरडिगी के रहने वाले एक 21 वर्ष के युवक व 18 वर्ष की युवती के बीच काफी दिनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों एक ही जाति व एक ही समाज से हैं। प्रेम-प्रसंग के चलते प्रेमी जोड़ा रविवार को घर से भागकर मोटरसाइकिल से रायपुर पहुंच गया। सोमवार को प्रेमी जोड़े ने आर्य समाज में जाकर पूरे विधि-विधान से शादी कर ली। शादी के दूसरे दिन मंगलवार की सुबह प्रेमी जोड़ा मोटरसाइकिल से भखारा-धमतरी मार्ग से वापस लौटते हुए ग्राम खपरी के पास मुख्य मार्ग में रूक गया। इसी दौरान दोनों ने कीटनाशक दवाई कासेवन कर लिया। मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी थी। इस बीच युवक की तबीयत बिगड़ने लगी वहीं युवती की तबीयत युवक के मुकाबले ज्यादा नहीं बिगड़ी थी। दोनों सड़क किनारे पड़े हुए थे। भूपेन्द्र साहू की सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान एवं डूमन साहू तत्काल मौके पर पहुंचे और प्रेमी जोड़ा को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। दोनों को अलग-अलग वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया। तत्काल इलाज मिल जाने से दोनों की हालत में सुधार आ रहा है।

### भागकर की शादी

अस्पताल में भर्ती युवक ने बताया कि लड़की की उम्र कम है। वह शादी के लिए बार-बार दबाव डाल रही थी। दोनों एक ही जाति व समाज से हैं। उसे शादी के लिए रूकने के लिए कहता था लेकिन नहीं मान रही थी। मजबूरी में घर से भागकर निकले और सोमवार को रायपुर के आर्य समाज में जाकर शादी कर ली। मंगलवार को खपरी के पास दोनों ने जहर सेवन किया।

## यूट्यूबर पर कृषि मंत्री की छवि धूमिल करने का आरोप

- सर्व आदिवासी समाज ने सिटी कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी ने सिटी कोतवाली में एक लिखित शिकायत की है। शिकायत में समाजजनों ने यूट्यूबर एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ता आकांक्षा टोप्पो पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम की सामाजिक व राजनीतिक छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है।

समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि फेसबुक व इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से उनके विरुद्ध अपमानजनक, भ्रामक एवं मानहानिकारक वक्तव्य और वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। इन पोस्टों में प्रयुक्त भाषा से समाज में भ्रम, आक्रोश एवं वैमनस्य की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे सामाजिक शांति भंग होने की आशंका है।

सर्व आदिवासी समाज ने इसे सोची-समझी साजिश करार देते हुए पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही आईटी एक्ट एवं अन्य सुसंगत कानूनी धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

## हाईस्पीड वाहन की ठोकर से ट्रक चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ढाबा में खाना खाकर अपने ट्रक के पास जा रहे चालक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुरूर में सड़क हादसे की यह दूसरी घटना है।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक चालक ने सोमवार की रात्रि पुरूर में सड़क किनारे अपने ट्रक को खड़ा कर हाइवे ढाबा में खाना खाने गया था। ढाबा में खाना खाकर चालक सड़क क्रॉस करते हुए वापस अपने ट्रक के पास जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाइवे से गुजर रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने ट्रक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद अज्ञात वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। वाहन की ठोकर से ट्रक चालक घायल हो गया। उसके पैर में गंभीर चोट लगी है। घायल ट्रक चालक की पहचान राजकुमार चंद्रवंशी पिता अन्नाराम उम्र 36 वर्ष ग्राम चिचोला डोंगरगांव निवासी के रूप में हुई है।

शुभम शिंदे की सूचना पर वरदान परामर्श सेवा समिति के शिवा प्रधान एवं डूमन साहू तत्काल मौके पर पहुंचे। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तत्काल एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी

रविवार की रात्रि से सड़क दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं, जो सोमवार की रात्रि तक चलता रही। इन चौबीस घंटों में एक के बाद एक चार हादसे हुए हैं। पुरूर में ही रविवार की रात्रि तेज रफ्तार बोलेरो खड़े ट्रक में घुस गई जिसमें दो ममेरे भाई घायल हुए थे। इसी तरह सोमवार को ही कार की ठोकर से आटो के पलट जाने से महिलाएं व बच्चे घायल हो गए थे। इसी तरह सोमवार की शाम ब्रम्हचौक में तेज रफ्तार पिकअप ने परेड अभ्यास से लौट रहे सर्वोदय स्कूल के तीन छात्रों को ठोकर मारी थी।

## प्राथमिक शाला कोड़ेबोड़ में हुआ न्योता भोज

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेबोड़ में न्योता भोज का आयोजन किया गया। ललित साहू ने अपने नाती श्लोक साहू के जन्मदिन पर न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी, केला व मिठाई खिलाई। न्योता भोज पाकर बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर प्रधानपाठक जया सोनवानी सहित शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020